प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 106 / 2025)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 8-10- 2025

तत्काल प्रकाशन हेत

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने जालंधर और होशियारपुर शहरों तथा जालंधर से कथर होते हुए होशियारपुर तथा मंडियाल और होशियारपुर से फगवाड़ा होते हुए जालंधर तक राजमार्गों पर नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया ।**

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने अगस्त 2025 के दौरान व्यापक शहरी मार्गों को कवर करते हुए पंजाब लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष जारी किये । भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली की देखरेख में आयोजित किए गए ये ड्राइव टेस्ट, विभिन्न वातावरणों - शहरी क्षेत्र, संस्थागत हॉटस्पॉट्स, सार्वजनिक परिवहन केंद्र तथा उच्च गति वाले कॉरिडोर में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिजाइन किए गए थे ।

05 अगस्त 2025 से 8 अगस्त 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने 198.0 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 09 हॉटस्पॉट लोकेशनों, 1.3 किलोमीटर वॉक टेस्ट, 84.6 किलोमीटर हाईवे ड्राइव टेस्ट और 01 जगह इंटर ऑपरेटर कॉलिंग के विस्तृत परीक्षण किए । मूल्यांकन की प्रौदयोगिकियों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न क्षमताओं वाले हैंडसैट में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाती है । आई.डी.टी. के निष्कर्षों की सूचना सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही दी जा चुकी हैं।

मूल्यांकन किए गए प्रमुख पैरामीटर :

क) वॉइस सेवाएं: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।


ख) डाटा सेवाएं: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।

कॉल सेटअप सक्सेस रेट: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G). में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल सेटअप सक्सेज रेट क्रमशः 99.81%, 10.29%, 99.81% और 98.06% है।

ड्रॉप कॉल रेट: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G). में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.00%, 4.24%, 0.19% और 0.00% है।

प्रमुख सेवा गुणवत्ता मानदंडों पर निष्पादन

सी.एस.एस.आर.: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (प्रतिशत में), सी.एस.टी.:कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), डी.सी.आर: ड्रॉप कॉल रेट (प्रतिशत में) तथा एम.ओ.एस.: मीन ओपिनियन स्कोर।



| सारांश – वॉइस सेवाएं | सारांश – डाटा सेवाएं |
|---|---|
| कॉल सेटअप सक्सेस रेट : ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 99.81%, 10.29%, 99.81% और 98.06% है।<br><br>कॉल सेटअप टाइमः ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः1.33,2.85,0.66 और 2.05 सेकंड है।<br><br>ड्रॉप कॉल रेट : ऑटो-सेलेक्शन मोड में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.00%, 4.24%, 0.19% और 0.00% है।<br><br>कॉल साइलेंस/म्यूट रेट :पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की साइलेंस कॉल रेट क्रमशः 0.97%, 2.70%, 0.25% और 2.01% है।<br><br>मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.): एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएम क्रमशः 3.91, 2.77, 3.95 और 4.57 हैं। | डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र): एयरटेल (5G/4G) की औसत डाउनलोड स्पीड 197.16 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 8.01 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 346.94 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की 30.34 Mbps है।<br><br>डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र) : एयरटेल (5G/4G) की औसत अपलोड स्पीड 30.40 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 5.03 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 36.41 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की 14.69 Mbps है।<br><br>लेटेंसी (समग्र):: एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50 प्रतिशत लेटेंसी क्रमशः 24.25 ms, 21.25 ms, 12.25 ms और 31.50 ms है।<br><br>डाटा निष्पादन – हॉटस्पॉट्स (**Mbps में**):<br><br>**एयरटेल -** 4G D/L: 52.30 4G U/L: 20.96<br>5G D/L: 449.82 5G U/L: 57.53<br>बी.एस.एन.एल - 4G D/L: 9.42 4G U/L: 9.56<br>आर.जे.आई.एल - 4G D/L: 56.21 4G U/L: 10.68<br>5G D/L: 391.07 5G U/L: 27.33<br>वी.आई.एल - 4G D/L: 37.06 4G U/L: 21.95<br><br>नोट – "**D/L**" का अर्थ डाउनलोड स्पीड तथा "**U/L**" का अर्थ अपलोड स्पीड है। |

जालंधर में मूल्यांकन में मॉडल टाउन, बस्ती बावा खेल, लाजपत नगर, रामा मंडी, चुहरवाली, जंडियाला आदि और होशियारपुर में- बस स्टैंड क्षेत्र, सिविल लाइंस, मॉडल टाउन, शेखुपुर, लाजवंती हौस्पीटल एरिया, अरबन एस्टेट आदि जैसे घनी आबादी वाले इलाके शामिल थे। भादूविप्रा ने एपीजे कॉलेज जालंधर, डीएवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन होशियारपुर, जिला एवं सत्र न्यायालय होशियारपुर, जिला एवं सत्र न्यायालय जालंधर, जालंधर सिटी रेलवे स्टेशन, लिवासा हौस्पीटल होशियारपुर, एमबीडी नियोपोलिस मॉल जालंधर, मॉडल टाउन मार्केट जालंधर, टैगोर हौस्पीटल जालंधर में भी वास्तविक परिस्थितियों का मूल्यांकन किया।

6 अगस्त 2025 को होशियारपुर शहर में आयोजित वॉक टेस्ट, कोतवाली बाजार मुख्य बाजार पर केंद्रित था, जिसमें भीड़भाड़ वाले पैदल यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क के निष्पादन को परखा गया।

हाई स्पीड ट्रांजिट में मोबाइल नेटवर्क के अनुभव का आकलन करने के लिए जालंधर से कथर होते हुए होशियारपुर तथा मंडियाल और होशियारपुर से फगवाड़ा होते हुए जालंधर तक राजमार्गों को कवर किया गया ।

ये परीक्षण भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों के माध्यम से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए रीयल-टाईम परिवेश में आयोजित किए गए। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए श्री विवेक खरे, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली), भादूविप्रा से ईमेल adv.ca@trai.gov.in पर या दूरभाष संख्या +91-11-20907772 पर संपर्क किया जा सकता है।

Vivek Khare 8/10/2025

(विवेक खरे)

सलाहकार, क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली, भादूविप्रा